एसडीएम को ज्ञापन दिया

रूपवास, (निसं)। शहर के लोगों ने जर्जर सड़क मार्ग को बनवाने की मांग को लेकर मंगलवार को एकत्रित होकर एसडीएम विष्णु बंसल को ज्ञापन दिया। इस दौरान पार्षद अभिषेक कटारा, शिक्षक नेता हरिशंकर शर्मा, पूर्व पंच राजेश गोयल, प्रशांत बंसल, ब्रजबिहारी, अजय कुमार ने समस्या का समाधान नहीं होने पर एकजुटता से प्रशासन के खिलाफ हल्लाबोल कार्यक्रम करते हुए धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम की चेतावनी दी है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पिछले काफी समय से अनाज मंडी से आगे जाने बाले मुख्य सड़क मार्ग पर कई जगह काफी गहरे गड्ढे हो गये है। जिनमे घरो से निकलने वाला पानी भरकर कीचड़ का रूप ले चुका है। जिससे गायत्री मन्दिर के सामने की तो हालत बहुत ज्यादा खराव है। इस कारण लोग मंदिर जाने से कतराते हैं। वही वाहन चालकों के साथ साथ आमजन का निकलना तो लगभग पूरी तरह से मुस्किल हो रहा है। तथा गिरकर चोटिल होने की पूरी सम्भावना बनी रहती है। जिससे स्थानीय निवासियों के अलावा सारे राहगीर बहुत परेसान होते है एवं कीचड़ में गिर जाते है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि काफी समय से इस सम्बन्ध में पार्षद ने नगरपालिका ईओ, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से व्यक्तिगत एवं फ़ोन से अवगत कराते आ रहे है। लेकिन मात्र कोरे आश्वासन एवं टालमटोल के अलावा कुछ नहीं मिला है।

महिलाओं को आर्थिक संबल में राजसखी मेलों का महत्वपूर्ण योगदान : कलक्टर

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहो को आत्मनिर्भर बनाने एवं आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के लिये राजसखी मेलों का आयोजन महत्वपूर्ण कदम है इसमें आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामान उचित दरों पर एक स्थान पर उपलब्ध होने के साथ मनोरंजन व खान-पान के लिये भी प्रबंध किये गये हैं।

जिला कलक्टर डॉ. यादव मंगलवार को जिला प्रशासन एवं राजीविका द्वारा राजसखी भरतपुर मेले का शास्त्री पार्क में शुभारम्भ के अवसर पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि, लोककला, परम्पराओं को एक मंच देने के मनभावन उत्सव के रूप में यह महत्वपूर्ण कदम है। इसमें महिलाओं द्वारा निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी, प्रदेश की विविध कला शैलियों, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों को प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पाद विशेषताओं के साथ उपलब्ध होंगे जिनमें दस्तकारी, टेरीकोटा, मसाले, आचार, चमडे के उत्पाद, वस्त्र, खाद्य सामठी उपलब्ध होने के साथ ही मनोरंजन के लिये नियमित लोकगायन एवं बच्चों के लिये झूले-मिक्की माउस आदि की व्यवस्था भी की गई है।

राजसखी मेले का शुभारम्भ हुआ।

जिला कलक्टर ने मेले में विभिन्न जिलों से आये स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया तथा मेले में प्रदर्शन व बिक्री के लिये लाये उत्पादों को देखा। उन्होंने मेले में स्थानीय नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में लाने के लिये प्रचार-प्रसार कर विशेषताओं को प्रचारित करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा गणेश जी प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर मेले का विधिवत शुभारम्भ किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह ने बताया कि 6 दिवसीय राजसखी उत्सव 18 मार्च से 23 मार्च तक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस मेले में लोक कलाकारों, शिल्पकारों और महिला उद्यिमयों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि मेले में 450 रूपये से अधिक की खरीददारी पर लकी कूपन का लॉटरी द्वारा निर्धारण किया जायेगा जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार स्वरूप प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, निदेशक घना मानस सिंह, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला प्रबंधक राजीविका काजल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों में 18 मार्च को गायन प्रतियोगिता, कालबेलिया नृत्य, घूमर और ऑर्केस्ट्रा, 19 मार्च को डांस प्रतियोगिता, कबड्डी, 20 मार्च को चारी नृत्य एवं रैंप वॉक और 21 मार्च को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं जूडो प्रदर्शन, म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को नशा मुक्ति अभियान, स्पून लेमन रेस व अन्य खेल तथा 23 मार्च को मयूर नृत्य, रासलीला और बांके बिहारी झांकी विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

जिला प्रबंधक ने बताया कि राजसखी भरतपुर मेले में हस्तशिल्प कला जैसे हाथ से बनी ज्वैलरी, बंधेज, लाख की चूडियां, कशीदाकारी, टेराकोटा कला, मिट्टी के बर्तन, स्थानीय और पारम्परिक खान-पान की स्टॉल भी लगाई गई हैं जिनमें लोग दाल-बाटी, चूरमा, घेवर, कचौरी, मिल्ककेक, भेलपुरी अन्य स्वादिष्ट व्यजानों का आनंद ले सकेंगे।

सार-समाचार

शिविर में 40 यूनिट रक्तदान

गंगापुर सिटी, (निसं)। निफा और पार्थ रिसोर्ट के सहयोग से सीपी हॉस्पिटल में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सभापति शिवरतन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक पार्थ गुप्ता के अनुसार, सीपी हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम ने 40 यूनिट रक्त एकत्र किया। सभापति अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह दाता के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से कमजोरी नहीं आती और यह कई बीमारियों से बचाव करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सरिता बंसल ने नियमित रक्तदान के फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इससे शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित रहती है, जो हृदय के लिए लाभदायक है। डॉ. बंसल ने आपातकालीन स्थितियों में रक्त की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने का आ ान किया। कार्यऋम में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा दीक्षित सहित कई गणमान्य व्यक्ति और रक्तदाता मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट से टूटे विद्युत पोल

नदबई, (निसं)। नदबई-हलैना सडक मार्ग पर रेलवे फाटक के समीप ओवरलोड़ ट्रक की चपेट से अचानक दो विद्युत पोल टूटकर गिर गए। विद्युत लाइन में करण्ट शुरु होने से बड़ा हादसा हो सकता। लेकिन, समीपवर्ती लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए पहले वाहनों का संचालन बंद कराया तो बाद में विद्युतकर्मियों को सूचना दी। बाद में विद्युत सप्लाई बंद होने पर वाहनों का संचालन शुरु हुआ। उधर, दो अलग-अलग विद्युत पोल टूटने के बाद अज्ञात चालक अपने ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। सूत्रों की मानें तो नदबई से हलैना की ओर जा रहे ओवरलोड़ ट्रक से नीचे लटक रही विद्युत लाइन फंस गई। जिसके चलते विद्युत लाइन सहित दो अलग-अलग विद्युत पोल टूटकर नीचे गिर गए। अचानक विद्युत पोल टूटकर गिरने व विद्युत लाइन में करण्ट चालू होने के चलते समीपवर्ती लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बाद में लोगों ने सतर्कता बरतते हुए वाहनों का संचालन बंद कराया। विद्युतकर्मियों ने भी मौके पर विद्युत सप्लाई बंद कराते हुए सडक के बीच पडे विद्युत पोल को हटाते हुए वाहनों का संचालन शुरु कराया।

राजनीतिक दल प्रतिनिधियों की बैठक

नदबई, (निसं)। उपखंड कार्यालय में मंगलवार को एसडीएम गंगाधर मीणा की अध्यक्षता में राजनीतिक दल प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम ने मतदाता सूची को लेकर चर्चा करते हुए राजनीतिक दलों की ओर से मतदान केन्द्र पर बूथ एजेण्ट नियुक्त करने व बीएलओ का सहयोग करते हुए नवीन मतदाताओं का नाम शामिल करने के दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले एसडीएम ने निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में बताते हुए नवीन मतदाताओं को जागरुक करने व मतदान सूची में शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती में हिस्सा बनने को कहा। बाद में राजनीतिक प्रतिनिधियों को भी सहयोग करने का संदेश दिया। बैठक में कांठोस प्रदेश सचिव प्रशान्त उपाध्याय, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय, आम आदमी पार्टी के नरेन्द्र आर शर्मा आदि मौजूद रहे।

पुलिस बेड़े को भेंट की बोलेरो

मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से सामाजिक सरोकार के कार्यों में भागीदारी निभाते हुए एक ओर अनुकरणीय पहल करते हुए करौली पुलिस बेड़े में एक बोलेरो गाड़ी भेंट की है। इससे पहले मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक बोलेरो कैम्पर गाड़ी दौसा पुलिस को सौंपी गई थी। बालाजी चौकी प्रभारी सुगन सिंह ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से पुलिस को गाड़ी भेंट की गई है। जिसे पुलिस बेड़े में शामिल किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट द्वारा दी गई गाड़ी जिले में प्रभावी गश्त के लिए अनुकूल रहेगी। वहीं अपराधियों की धरपकड़ के लिए भी कारगार साबित होगी। गाड़ी भेंट करने से पहले ट्रस्ट पदाधिकारियों और बालाजी चौकी प्रभारी सुगन सिंह की मौजूदगी में पंडितों द्वारा गाड़ी का विधिवत रूप से पूजन किया गया। इसके बाद बोलेरो गाड़ी की चाबी ट्रस्ट पदाधिकारियों की ओर से चौकी प्रभारी को सौंपी गई। इस मौके पर बालाजी चौकी के शैलेन्द्र सिंह, कैलाश शर्मा, महेश गुर्जर सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

विधायक गर्ग ने की जन सुनवाई

भरतपुर,(निसं)। पूर्व मंत्री और भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे। दौरे के दौरान रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए नागरिकों ने अपनी समस्याएं डॉ. गर्ग के सामने रखीं, जिनमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क, सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी शामिल थी। जनसुनवाई में सेक्टर 13 के निवासियों ने डॉ. गर्ग से मुलाकात कर कहा कि वे 1993 से वहां रह रहे है। लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें नोटिस दिया गया है। इस पर डॉक्टर गर्ग ने विश्वास दिलाया कि उनकी समस्या को विधानसभा में प्रश्न कर उठाया जाएगा और आपकी हर संभव मदद की जाएगी। जन सुनवाई के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. गर्ग का स्वागत माला, साफा और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

संगोष्ठी का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। उपभोक्ता जागृति सप्ताह के तहत 18 मार्च को कलक्ट्रेट सभागार में संभाग स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का विषय ''खाद्य पदार्थों में मिलावट, परीक्षण एवं विधिक प्रावधान'' था। कार्यक्रम का संचालन एनजीओ सवेरा समिति के अनिल गोयल और कवि जय सारस्वत ने किया।

इस अवसर पर जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपभोक्ता जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। प्रो. अनिल नागर ने मिलावटी भोजन से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जताई। एफएसएसएआई ट्रेनर गौरव श्रीवास्तव ने मिलावट से बचाव और उपभोक्ताओं के अधिकारों पर जानकारी दी। अधिवक्ता मुरारी लाल शर्मा और मानवेन्द्र सिंह ने विधिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी संजीव शर्मा ने समापन भाषण में वक्ताओं और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अठावाल धर्मशाला में मिलावट रोकथाम पर विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया।

प्रधान के निधन पर जताया शोक

करौली, (निसं)। करौली जिले कि मासलपुर पंचायत समिति प्रधान रामपति देवी का स्वर्गवास होने पर उनके आवास पर आयोजित शोक सभा में राजनेताओं सहित सेना के अधिकारियों, पूर्वी राजस्थान के जिला प्रमुख, पंचायत समिति प्रधान, नगर परिषद सभापति सहित विधायको, सांसदों आदि ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वर्गीय रामपति देवी के चित्रपट्ट पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष ने इस दुखद घड़ी में उनके पुत्र करौली के पूर्व नगर परिषद सभापति राजाराम गुर्जर और पुत्र वधु जयपुर मेयर नगर निगम ठोटर सौम्या गुर्जर को शोक संदेश भेजकर सांत्वना दी करौली के पूर्व नगर परिषद सभापति राजाराम गुर्जर कि माता एवं मेयर नगर निगम ठोटर जयपुर की डॉ. सौम्या गुर्जर कि सास का गत दिन रविवार को स्वर्गवास हो गया जिसके शोक में मंगलवार को उनके निज निवास बड़ा गांव खेड़ला तहसील महवा जिला दौसा पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिस शोक सभा में प्रात: से ही पूर्व सभापति और मेयर के मित्रगण, रिश्तेदार, जनप्रतिनिधि और राजनेताओं का शोक सभा में पहुंचकर रामपति देवी के चित्रपट्ट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का तांता शाम तक लगा रहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शोक संदेश भेजकर उन्हें सांत्वना दी। शोक सभा में खासतौर पर भाजपा,कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के विधायक, पूर्व सांसद, जिला प्रमुख, प्रधान, जिला अध्यक्षो ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शोक सभा में भाग लिया और उनकी माता को पुष्पांजलि अर्पित की खास तौर से करौली के सपोटरा विधानसभा के विधायक हंसराज मीणा, टोडाभीम विधायक घनश्याम महर, महवा विधायक राजेंद्र मीणा, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, जयपुर ग्रामीण की जिला प्रमुख रमा देवी, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, विधायक प्रत्याशी विजय बैसला, टोंक के अजीत मेहता, करौली भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, बानसूर प्रत्याशी भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, रवि नायर, नादौती प्रधान बहादुर गुर्जर, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार बैरवा सहित पूर्वी राजस्थान के जिला प्रमुख, प्रधान के अलावा जयपुर नगर निगम के पार्षदगणों ने शोक सभा में भाग लेकर उनकी माता स्वर्गीय के चित्रपट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके पुत्र व पुत्रवधू को इस दुखद घड़ी में सांत्वना दी।

भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

करौली (निं.सं.)। भारतीय किसान संघ की जिला कार्यकारणी कि बैठक का आयोजन मीणा धर्मशाला सपोटरा में प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगाराम मीणा के आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष मोहर सिंह मीणा कि अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि बैठक में किसानों कि सभी समस्याओं पर चर्चा कि गई जिनमे मुख्यत: बिजली के बिल माफ नहीं हुए हैं उनकी कार्यवाही के लिए प्रभावी अधिकारियों से संपर्क किया एवं सरसों एवं चना कि तोल के लिए जीरोता मे कांटा खुलवाने के लिए ज्ञापन देकर अति शीघ्र केंद्र खोलने एवं पंजीकरण करने के लिए कार्यवाही शुरू करें एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ किसानों को अब तक भी नहीं मिला इसके लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा अतिवृष्टि एवं ज्यादा बरसात होने के कारण समस्त जिले में किसानो कि फसल बरसात से गल कर नष्ट हो चुकी थी जिले भर से किसानों ने टोल फ्री नंबर पर बीमा कंपनी में दावा प्रस्तुत किया था इसके उपरांत आज तक भी किसानों को करौली जिले में फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है ।

203 अपराधियों को दबोचा

करौली, (निसं)। जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 203 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस महा निरीक्षक रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश के निर्देशन में बांछित अपराधियों एवं सामाजिक तत्वों की धरपकड़ के संबंध में चलाए गए दो दिवसीय एरिया डोमिनशन अभियान के तहत करौली पुलिस ने बड़ी संख्या में अपराधियों पर शिकंजा कस्ते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय कि तेजतर्रार कार्यशैली एवं एरिया डोमिनेशन अभियान में सीधे तौर पर जुडने से जिले में अपराध का ग्राफ तो गिरा है वही जेलो में अपराधियों कि संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जिले भर में चलाए गए सर्च अभियान के तहत 402 पुलिसकर्मियों कि 97 टीम बनाकर 400 संदिग्ध स्थानो पर दबिश देते हुए 203 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनमे 31 गिरफ्तारी वारंटी, 31 स्थाई वारंटी, दो जगन्य मामलों में वांछित अपराधी, 8 सामान्य अपराधों में वांछित आबकारी अधिनियम के तहत एक वांछित अपराधी, 24 अवैध शराब के तहत दर्ज नवीन मुकदमों में, 77 अपराधियों को विभिन्न मामलों में तथा शांति भंग, चालान सुधा अपराधियों को शिकंजे में लिया गया है कार्यवाही के दौरान थाना टोडाभीम, लांगरा,थाना सदर करौली, श्री महावीर जी, कुड़गांव, सपोटरा, कैलादेवी, मासलपुर, सदर हिंडौन, थाना कोतवाली करौली के अलावा अन्य पुलिस के जवान कार्यवाही में शामिल थे।

अवैध देशी शराब जब्त

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने धोधूपुरा रोड से एक बाल अपचारी को डिटेन किया। उसके पास से 315 बोर का अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी कार्रवाई में पुलिस ने धोखाधडी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी धनसिंह मीना को भी पकडा। कुनकटा कलां निवासी धनसिंह पर कमलेश बैरवा के बैंक खाते से पैसे निकालने का आरोप है।

कार्यशाला व मिलन समारोह आयोजित

भरतपुर, (निसं)। गिरीश रिसॉर्ट पर समता आंदोलन समिति भरतपुर-डीग की कार्यशाला व होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समता आंदोलन के संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल ने की।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा व विशिष्ट अतिथि संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पाहार चढाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल ने सभी अतिथियों का शब्दिक स्वागत किया गया। मनीष गुप्ता,अशोक शर्मा, योगेश जैन शुभनेश पाराशर ने आगंतुकों का पटका पहनाकर व चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया।समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने बताया कि इस कार्यक्रम में भरतपुर-डीग जिले समता आंदोलन के लगभग एक सौ पच्चीस पदाधिकारीगण व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। समता आंदोलन को ग्रासरूट तक कैसे पंहुचे,यह कैसे जन आंदोलन बने,किस प्रकार समता आंदोलन राष्ट्र की उन्नित में,सामाजिक समरसता में,समता लाने में भूमिका निभा सकता है आदि बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श हुआ।

वक्ताओं में हरि शंकर शर्मा, कौशलेश शर्मा,हरिनारायण शर्मा मनोज खण्डेलवाल डीग, कल्पना,हेमन्त,डीग जिलाध्यक्ष राहुल लवानियां,महेश बाल्मीकि,बृजेश गोस्वामी लखनपाल सिंह, अनिल गर्ग, बालकिशन बंसल, योगेश समसपुर,अजय देव कौशिक, बहादुर सिंह घूते,गोविन्द माधव,योगेश शर्मा रूपबास आदि ने अपने विचार व सुझाव दिए। जिनसे यह निष्कर्ष निकल कर आया कि शहर के वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर अध्यक्ष व सचिव मनोनीत कर कार्यकारिणियों का गठन किया जाए,ये कार्यकारिणियां वंचित शोषित पीडित परिवारों तक समता आंदोलन की नितियों की चर्चा करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदार को मिले उनके लिए सहयोग करें।

समता आंदोलन समिति भरतपुर-डीग की कार्यशाला व होली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि समता आंदोलन हर इंसान एक समान एक राष्ट्र एक जान मेरा भारत महान के उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है। आगे कहा कि यह आन्दोलन एट्रोसिटी एक्ट के खिलाफ नहीं बल्कि इस एक्ट के दुरुपयोग के खिलाफ है।जातिवाद के खिलाफ है समाज का हर वर्ग सम्माननीय है।हर समाज में शोषित वंचित पीडित हैं उनका उत्थान हो।समता आंदोलन केन्द्र के के मानदंड सभी वर्गों लागू हों तो वास्तविक कमजोर वंचित शोषित को लाभ पहुंचेगा। आरक्षित वर्गों में उपवर्गीकरण की मांग को सर्वोच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है।उसे सरकार लागू करें। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल, संभाग शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कौशलेश शर्मा, समता आन्दोलन जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, शहर सचिव मनीष गुप्ता ,जिला शैक्षिक प्रकोष्ठ सचिव अनिल गर्ग ,आयुर्वेद प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा.सतीश पाराशर, संभाग शैक्षिक प्रकोष्ठ सचिव लखनपाल सिंह, संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश कौशिक, डीग जिलाध्यक्ष राहुल लवानियां, सहायक सचिव अशोक कुमार सारस ,जिला कोषाध्यक्ष योगेश जैन, रूपबास तहसील अध्यक्ष प्रेमवीर शर्मा ,हरि शंकर शर्मा,बृजमोहन,वैर तहसील अध्यक्ष गोपाल राम पाठक, मनोज मिश्र, भुसावर तहसील अध्यक्ष महेश चन्द जती, गोविन्द माधव, नदबई शहर अध्यक्ष सुरेश लवानियां, अरुण तिवारी, भरतपुर वार्ड से अरुण तिवारी, बालकिशन बंसल, के.के.शर्मा ठेकेदार पार्षद,राघवेन्द्र सिंह एडवोकेट, शुभनेश पाराशर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मार्च

करौली, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, करौली में स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 के समन्वयक प्रोफेसर रविन्द्र कुमार मीना ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय करौली में स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 इग्नू के जनवरी सत्र के सभी पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश एवं रिरजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि बढकर 31 मार्च हो गई हैं। उन्होने बताया कि विद्यार्थी शीध्र आवेदन कर लाभान्वित हों। करौली में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 पर जनवरी सत्र से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा डी.ई.सी.ई. भी प्रारम्भ हो गया है। इग्नू अध्ययन केन्द्र पर बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी., एम.ए., एम.एससी. सहित विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं पी जी डिप्लोमा, पुस्तकालय विज्ञान व सूचना में सर्टिफिकेट सी.एल.आई.एस. इत्यादि पाठ्यक्रम संचालित है। महिला विद्यार्थी राजस्थान सरकार की बालिका दूरस्थ प्रोत्साहन योजना के तहत अपनी प्रवेश फीस का पुनर्भरण प्राप्त कर सकते हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रमों में नियमानुसार प्रवेश शुल्क की रियायत ले सकते हैं। इग्नू में प्रवेशित विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा जून 2025 हेतु अपना आवेदन फॉर्म 20 अप्रेल तक भर सकते हैं। इसके अभाव में विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा जून 2025 नहीं दे सकेंगे। अत: शीघ्र ही अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरें।

कौशल रोजगार शिविर आज

करौली, (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, डाईट परिसर, में आज 19 मार्च को प्रात: 10:30 बजे से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनियां, स्वरोजगार संस्थाएं एवं प्रशिक्षण संस्थाएं भाग ले रही है। जिसमें योग्यता 10वीं कक्षा और इससे अधिक शिक्षित आवेदक जिसकी उम्र 19 से 40 वर्ष तथा संबंधित पद हेतु वेतनमान योग्यतानुसार रखा गया है। इच्छुक युवाओं का 19 मार्च को कम्पनी द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, करौली में लिया जावेगा। शिविर के दौरान राज्य सरकार की विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का मार्गदर्शन दिया जावेगा। इसके अतिरिक्त राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ प्रशिक्षण पंजीयन भी किये जावेंगे। बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अनुसूचित जाति विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक मामलात विभाग एवं जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिये जाने के साथ ही प्रशिक्षण व स्वरोजगार के आवेदन पत्र तैयार करवाये जायेंगे। सभी इच्छुक आशार्थी जो इस शिविर का लाभ लेना चाहते हैं, अपने शैक्षिणक योग्यता के मूल दस्तावेज की दो-दो फोटोप्रति व 2 पासपोर्ट साईज फोटो सहित उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

कार्मिकों को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटकड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोगी पंजीयन केन्द्र,दवाई वितरण केन्द्र,दवाईयों की उपलब्धता, एनसीडी क्लिनिक, उपस्थिति पंजीका सहित वार्डो का भी निरीक्षण किया एवं आने वाले मरीजों को राज्य सरकार कि मंशानुरूप समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाने सहित चिकित्सालय परिसर में नियमित साफ सफाई रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने उप तहसील कटकड कार्यालय का भी निरीक्षण किया इस दौरान पंजीयन शाखा एवं एलआर शाखा का कार्यालय गेट लगा होने पर नाराजगी व्यक्त कि एवं अनुपस्थित कार्मिक कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार शर्मा व अतिरिक्त ऑफिस कानूनगो बनवारी लाल मीणा को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिये।

नगरपरिषद ने किया नोटिस जारी

करौली, (निसं)। नगरपरिषद आयुक्त प्रेमराज मीणा ने बताया कि 27 मार्च से शुरू होने वाले कैलादेवी के लक्की मेले के दौरान करौली शहर से होकर भारी संख्या में भक्तजनों का आवागमन रहता है। जिसके कारण करौली शहर में जाम कि स्थिति बन जाती है। जाम का मुख्य कारण शहर कि मुख्य सडक मासलपुर चुंगी से कैलादेवी मोड तक दुकानदारों एवं भवन मालिकों द्वारा मुख्य सडक के दोनो तरफ अपनी दुकानों,प्रतिष्ठानों व भवनों के आगे अवैधानिक तरीके से टीनशेड,तख्त,टेबल,बेंच,स्टूल लगाकर आगे पाईप आदि गाडकर किया गया अस्थाई प्रकृति का अतिक्रमण है। नगरपरिषद आयुक्त मीणा ने बताया कि मेले के दौरान यातायात व आवागमन व्यवस्था एवं भक्तजनों को सुगमता, सुविधा को ध्यान में रखते हुए मासलपुर चुंगी से लेकर कैलादेवी मोड तक मुख्य सडक के दोनो तरफ अवैधानिक तरीके से दुकानों,मकानों,प्रतिष्ठानों के आगे लगी टीनशेड आदि स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण को स्वयं के स्तर से 3 दिवस के अन्दर हटा लेवें अन्यथा आदेशों की पालना नहीं किये जाने पर नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते द्वारा उक्त वर्णित अस्थाई प्रकृति के अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जावेगी जिससे होने वाली किसी भी वित्तीय हानि के लिए आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

सिलिकोसिस पीड़तों को दवाई बांटी

करौली, (निसं)। सक्षम परियोजना अंतर्गत डांग विकास संस्थान करौली द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद औषधालय चैनपुर में चिन्हित खनन मजदूरों व सिलिकोसिस पीडितों के लिए उपचार शिविर का आयोजन किया गया। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि सिलिकोसिस उपचार शिविर में चैनपुर, गाधौली,विनेगा,लेदोर गांवो के चिन्हित खनन मजदूर व सिलिकोसिस पीडितों ने भाग लिया जिसमें से 41 सिलिकोसिस पीडितो का लक्षणात्मक उपचार आयुर्वेद औषधालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रमन लवानिया के बताये अनुसार डांग विकास संस्थान कि ओर से सिलिकोसिस पीडितों को शिविर में कफ सीरप,सांस लेने वाला पम्प,प्रोटीन पाउडर तथा सिटराजन व मल्टीविटामिन गोलिया नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। साथ ही नियमित योग संतलित आहार के बारे मे जानकारी दी कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा सभी सिलिकोसिस पीडितो को इस लाईलाज बीमारी के बचाव के परामर्श के साथ-साथ दवाईयों का सेवन नियमित इस्तेमाल करने व खान-पान का ध्यान रखने की सलाह दी गई। शिविर में डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा, विक्रम सिंह जाटव, रे